Date — 22/04/21

बी.एड - 2020-22

पेपर - CC-5

A- अनुशासन विषय मे महारत (महानता) (विशेषज्ञ)

"Master (over the Subject) Introduction."

शिक्षा के क्षेत्र में ज्ञान को उसके स्वरूप उपयोगिता के क्षेत्र एवं अध्ययन के आधार पर दो वर्गों मे बांटा गया है, साधारण रूप से वह सभी विषय वस्तु जो विद्यालयो में पढ़ाया जाता है, उसे विषय की संज्ञा दी जाती है. तथा वही विषय जब उच्च स्तर के शिक्षण एवं अध्ययन के रूप में प्रयोग किया जाता है, तो उसे अनुशासन या Academic Discipline की संज्ञा दी जाती है।

सामान्य रूप से Subject (विषय) एवं Discipline (अनुशासन) ज्ञान की प्राप्ति अध्ययन की दृष्टिकोण से ~~समान~~ छात्रों के विकास की दृष्टिकोण से समान प्रतीत होते है।

जैसे - एक विषय विशेष को जब बालक विद्यालय स्तर पर अध्ययन करता है, तो विषय (Subject) के रूप में माना जाता है परन्तु जब वही विषय सूक्ष्म अध्ययन, अनुसंधान आदि के लिए उच्चस्तर पर अध्ययन के रूप में जानी जाती है, इस विडंबना को समझने के लिए हमे Subject और अनुशासन दोनो को पृथक रूप में समझना होगा, उनके अर्थ, क्षेत्र, उद्देश्य, एवं स्वरूप को समझना होगा,

## Meaning of Subject (विषय का अर्थ)

प्राप्त ज्ञान को जब उसकी प्रकृति (Nature) प्रकार (Kind) उपयोगिता (Utility) क्षेत्र आदि के आधार पर अलग-अलग समूहों में बांट दिया जाता है, ताकि इसका अध्ययन सरलता के साथ किया जा सके, अर्थात विषय सामान्य ज्ञान का समूह है।

जैसे- सामाजिक विज्ञान, भूगोल, इतिहास नागरिकशास्त्र आदि इनका वर्गीकरण ज्ञान समरूपता के आधार पर किया जाता है।

## Nature of Subject - विषय की प्रकृति

प्रत्येक विषय के अध्ययन क्षेत्र विधि उपयोगिता उसके अलग-अलग स्वरूप प्रकट करते है- उ० जब सामाजिक विज्ञान के विषय के रूप में अध्ययन किये जाते है, तो सामाजिक विज्ञान का स्वरूप प्रकट करते है जब सत्य की खोज एवं वैज्ञानिक विधि द्वारा अध्ययन किया जाता है,

मुख्य रूप से विषय के तीन स्वरूप दिखाई पड़ते है।

1- Subject as a science.
2- Subject as an art
3- Subject as a social science.

Scanned with CamScanner

Date / /
Page

## Subject as a Science

कोई भी विषय विज्ञान के रूप में तभी प्रकट होती है. जब इससे निम्नलिखित विशेषताएं दिखाई देती है-

1- Search of truth. (सत्य की खोज)
2- Scientific, method of study (वैज्ञानिक विधि से अध्ययन)
3- Re, examine (examine) (दुबारा जाँच)
4- Experimentable (अनुभव कर के कार्य का उत्पादन)
5- Having hypothesis. (परिकल्पना करना)
6- Study of cause and effect (कारणों एवं प्रभाव का अध्ययन)
7- Qualitative and quantitative analysis,
गुणात्मक और मात्रात्मक विश्लेषण,
8- Systematic and organised.
व्यवस्थित और संगठित
9- Discovery and innovation
नवचन (विचार) व नवाचार (लाना)
10- Specific Principle - (विशेष सिद्धांत)

Scanned with CamScanner